पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर्व पर पूजा अर्चना की

लखनऊः 24 फरवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपनी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक सहित आज महाशिवरात्रि के अवसर पर राजभवन परिसर स्थित शिव-दुर्गा मंदिर में आयोजित रूद्राभिषेक पूजा में सम्मिलित होकर आरती की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजभवन के कर्मचारीगण एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजभवन परिसर में शिव-दुर्गा मंदिर में नये शिवलिंग की स्थापना की गयी थी, जिसके पश्चात आज महाशिवरात्रि के अवसर पर रूद्राभिषेक पूजा का आयोजन किया गया था।

अंजुम/ललित/राजभवन (62/19)